# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖अमरावती,गुरूवार 20 से 26 अगस्त 2026 ❖वर्ष :17 ❖अंक- 10 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

जीवन में खुशियों के लिए साथ वाले का उत्साह चाहिए. कई बार परिवार में भी यह स्थिति नहीं मिलती है. ऐसे में कुछ ऐसे मित्र होना जरूरी है, जो केवल और केवल बिना किसी स्वार्थ के स्वयं भी खुश रहें और आपको भी खुशी मिले. जीवन का एक पल का भरोसा नहीं है, ऐसे में तनावमुक्त होकर जितना संभव हो जीने का प्रयास करना चाहिए. इससे निश्चित तौर पर जिंदा रहने तक खुशियों के साथ जीने का मौका मिलेगा.



## शरद पवार की राकांपा विपक्ष में ही रहेगी,भ्रम खत्म


**नई दिल्ली-**राकांपा (शरद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ जाने की चर्चाओं पर अब पार्टी प्रमुख शरद पवार का स्पष्ट रुख सामने आया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि पार्टी विपक्ष में ही रहेगी. पार्टी सूत्रों के मुताबिक पार्टी की बैठक में शरद पवार ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को साफ संदेश दिया कि हम विपक्ष में ही हैं, कोई भी भ्रम में न रहे और सभी जोर-शोर से काम करें.पवार के इस बयान के बाद राकांपा (शरद) के एनडीए में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगने के संकेत मिल रहे हैं. दरअसल कुछ दिनों पहले पवार और उनके सांसदों की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद शरद गुट के एनडीए के साथ जाने की चर्चाओं ने राजनीतिक हलकों में जोर पकड़ा था.वरिष्ठ नेता के रविवार को पार्टी की बैठक में शा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं भी तरह के भ्रम में नहीं रहने की उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि प में ही है और कार्यकर्ताओं को प के साथ संगठनात्मक काम कर पवार के इस संदेश को आगामी और संगठनात्मक तैयारियों के महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# हाईकोर्ट ने एफडीए प्रशासन को लगाई फटकार

## मुंढे को झटका, अदालत में वकील नहीं रख पाया मजबूती से पक्ष

**विदर्भ स्वाभिमान, 19 अगस्त**

**मुंबई-** अन्न तथा औषधि प्रशासन के दबंग आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा जहां व्यापक सुधार किया जा रहा है, वहीं सही तरीके से अदालत में पक्ष रखने में विफलता के चलते एफडीए को अदालत ने फटकार लगाई है. बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को एफडीए को फटकार लगाई, जिस पर कार्रवाई करते समय नियमों का पालन न करने पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था. चीफ जस्टिस रवींद्र घुगे की अगुवाई वाली बेंच ने अधिकारियों द्वारा नियमों के अनुसार कार्रवाई न करने पर कड़ी नाराजगी जताई.



एफडीए ने प्रोडक्ट की मिसब्रंडिंग के आधार पर इंस्पेक्शन के बाद ठाणे में जेएनटीएल कंज्यूमर हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड से 2.24 करोड़ रुपये के सॉफ्ट ड्रिंक्स का स्टॉक जब्त कर लिया. कंपनी ने एडवोकेट हर्ष गुरसाहनी के जरिए एक याचिका के जरिए इसे चुनौती दी है. कंपनी ने सीनियर एडवोकेट डॉ. बीरेंद्र सराफ के जरिए कहा- एफडीए द्वारा 2 और 3 जून को हमारे सॉफ्ट ड्रिंक्स का स्टॉक जब्त करने के बाद, बार-बार अप्लाई करने के बावजूद हमें फूड एनालिसिस रिपोर्ट नहीं दी गई है. जब्त किए गए पैकेज्ड ड्रिंक्स की एक तय शेल्फ लाइफ होती है. नतीजतन, हमें बहुत बड़ा, ऐसा नुकसान हो रहा है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती.हालांकि, एफडीए के वकील संतोषजनक जवाब नहीं दे सके.

**चूल मटन का लाइसेंस सस्पेंड**

फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने लोहेगांव में 'होटल चूल मटन' का लाइसेंस हाइजीन और सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने पर सस्पेंड कर दिया. होटल को नियमों का पालन होने तक न खोलने का आदेश दिया गया है.खाने की चीजों के साथ-साथ गटखा की बिक्री पर भी कार्रवाई की. पुणे डिवीजन में 14 से 17 अगस्त के बीच की गई कार्रवाई के दौरान 10 लाख 7 हजार 460 रुपये का स्टॉक जब्त किया गया. तीन मामलों में पुलिस थानों में केस दर्ज किए गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया.

दो जगहों को बंद कर दिया गया है और 7 लाख रुपये की एक गाड़ी भी जब्त की गई है.छत्रपति संभाजीनगर शहर में ऑनलाइन फूड स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मेसर्स ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकिट) की सतारा और हरसुल इलाके में दो जगहों का फूड लाइसेंस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने मंगलवार को सस्पेंड कर दिया. डिपार्टमेंट ने कहा कि डिपार्टमेंट के इंस्पेक्शन के दौरान फूड सेफ्टी, हाइजीन और कानूनी नियमों का उल्लंघन किया गया.गुटखा के साथ ही अन्य अवैध धंधों के खिलाफ आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा व्यापक कार्रवाई की जा रही है.इससे लोगों में तेजी से लोकप्रिय हुए हैं.मिलावट के खिलाफ उन्होंने राज्यस्तर पर कठोर कार्रवाई शुरू की है.

# शाहरुख खान के बांद्रा में 'मन्नत' में मिला सांप, मची खलबली






**मुंबई-**नागपंचमी के दिन मुंबई के मशहूर एक्टर शाहरुख खान के बांद्रा में 'मन्नत' बंगले के अंदर एक सांप मिलने से हड़कंप मच गया. सोमवार रात करीब 8 बजे खबर आई कि मन्नत के अंदर दो सांप देखे गए हैं. एक सांप को ढूंढा गया, जबकि दूसरा भाग गया. मन्नत के आंगन में सीढ़ियों के नीचे एक सांप लिपटा हुआ मिला. सांप दिखते ही तुरंत स्नेक लवर विक्की दुबे को बुलाया गया. वह मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया. साथ ही, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के शेष **पेज 7 पर**







# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## बढ़ती महंगाई कर रहे बेहार, बढ़ा रही बीमारी

*सुनने में अटपटा भले ही लग रहा है लेकिन यह सच्चाई है कि बढ़ती महंगाई ने गरीबों के साथ ही मध्यम तथा गरीब परिवारों का तनाव बढ़ाकर बीमारी बढ़ाने का काम कर रही है. गरीब लगातार गरीब और अमीर लगातार अमीर होता जा रहा है. किराणा सूची का अगर हम बारीकी से निरीक्षण करें तो हर सप्ताह महंगाई धीरे-धीरे बढ़कर गरीबों का जीवन संकट में डाल रही है. स्थिति यह है कि महंगाई के कारण दो जून की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है. इसमें अगर बीमारी हो जाए तो फिर तो संभलना मुश्किल हो जाता है. सरकारी कर्मचारी,व्यापारी को अगर छोड़ दिया जाए तो बड़ी संख्या में लोग महंगाई से त्रस्त हो रहे हैं. सरकार को इस बारे में कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए.*

*महंगाई आज आम आदमी के जीवन की सबसे बड़ी चिंताओं में शामिल हो गई है. रसोई गैस, खाद्य पदार्थ, सब्जियां, दूध, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं के बढ़ते खर्च ने परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है. आय सीमित है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ रहा है. ऐसे में मध्यमवर्ग और निम्न आय वर्ग के सामने घर चलाना दिन-ब-दिन चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है.महंगाई का असर केवल बाजार तक सीमित नहीं रहता. जब आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं, तो परिवारों को अपनी दूसरी जरूरतों में कटौती करनी पड़ती है. बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, बचत और भविष्य की योजनाएं भी प्रभावित होती हैं. सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को होती है जिनकी आय स्थिर है और जिनके पास महंगाई का सामना करने के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा नहीं है.सरकार और प्रशासन के सामने चुनौती है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए, जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती हो तथा उपभोक्ताओं को राहत मिले. किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और उपभोक्ताओं को भी अनावश्यक महंगाई से बचाया जाए इन दोनों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है.*

*महंगाई केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चिंता भी है. विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब उसकी पहुंच आम नागरिक की रसोई और जीवन तक महसूस हो. इसलिए नीतियों का केंद्र केवल आर्थिक विकास के आंकड़े नहीं, बल्कि आम आदमी की क्रय शक्ति और जीवन-स्तर भी होना चाहिए.आज जरूरत है कि सरकार, बाजार व्यवस्था और समाज मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसमें मेहनत करने वाला व्यक्ति सम्मानपूर्वक अपना परिवार चला सके. महंगाई पर नियंत्रण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पारदर्शी बाजार व्यवस्था और जागरूक नागरिक व्यवस्था की भी आवश्यकता है. आम आदमी को राहत मिलेगी, तभी विकास का लाभ वास्तव में सार्थक माना जाएगा.महंगाई के खिलाफ कोई चिल्लाने वाला दल भी नहीं बचा है.*

# सिद्धांतों के पक्के नेता थे भैयासाहब जवादे



विदर्भ स्वाभिमान
www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

आज नेताओं को लेकर लोगों के मन में काफी नाराजी वाली भावना होती है. लेकिन कांग्रेस ने कई सिद्धांतवाले और जनता को अपार प्रेम करने वाले और जनता का अपार प्रेम पाने वाले नेताओं को भी देखा है. जिन्होंने जीवन में जनसेवा को ही अपना व्रत बना लिया था. उनके लिए धन-दौलत कभी भी जनता से बढ़कर नहीं रही. ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के तत्कालीन नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के करीबियों में एक रहने वाले विदर्भ के सुख्यात नेता भैयासाहब उर्फ श्रीधरराव जवादे. जितने आदर्श नेता थे, उतने ही आदर्श विचारों वाले और जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले कांग्रेसी नेता के रूप में उनकी ख्याति थे. पद की बजाय जनसेवा और सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया. उच्च विद्याविभूषित रहने के साथ ही जनता की सेवा में सब कुछ समर्पित करने वाले तथा पद और प्रतिष्ठा के लिए कभी किसी के साथ विश्वासघात नहीं करने वाले आदर्श नेता के रूप में उनकी ख्याति थी. उनके सुपुत्र आज न केवल अमरावती बल्कि विदर्भ के आदर्श बेटों में शामिल होते हैं. उनकी 104 वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन. आज उनके जैसे नेताओं की देश को सचमुच



जरूरत है.

श्रीधरराव उर्फ भैय्यासाहेब, बी.ए., एल.एल.बी.तक उच्च शिक्षा प्राप्त की थी. कांग्रेस के यवतमाल से सांसद रहने के बाद भी कभी भी सरकारी सुविधा का लाभ नहीं उठाया. आज जहां नेताओं में अपना घर भरने की स्पर्धा सी लगी है, वहीं उनके जैसे आदर्श नेताओं ने अपने विचारों और व्यवहार से सदैव कांग्रेस को गौरवान्वीत करने का काम किया.

पिता नाथोबाजी लक्ष्मणराव जवादे ने अपने बच्चों को बचपन से ही आदर्श संस्कार दिए थे.यवतमाल जिले के चहांद गांव में 24 अगस्त को उनका जन्म हुआ था. बचपन से ही मेधावी और प्रतिभाशाली थे. न्यू इंग्लिश हाई स्कूल, नागपुर, गवर्नमेंट मॉरिस कॉलेज, नागपुर, लॉ कॉलेज, नागपुर में उनकी शिक्षा हुई थी. बचपन से ही देश प्रेम की भावना भरी रहने के कारण देश के लिए सदैव कुछ करने का जज्बा था. बचपन से ही आदर्श संस्कार के साथ ही परिवार की एकता की सीख सभी बच्चों को दी.किसान परिवार के सदस्य रहने वाले भैयासाहब जवादे ने 1942 में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया.रेलेगाँव ब्लॉक विकास समिति के अध्यक्ष, जिला भूमि विकास बैंक, यवतमाल के निदेशक, 1969-73, यशवंत हाई स्कूल, खैरी, यवतमाल जिले के संस्थापक-अध्यक्ष, ध्यान साधना मंडल, अमरावती के संस्थापक उपाध्यक्ष,अमरावती बार एसोसिएशन के सदस्य, 1949-55, जिला विकास समिति, यवतमाल, 1956-62,महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के सदस्य थे और बीस सूत्री कार्यक्रम समिति, यवतमाल जिला, गिलानी कला और वाणिज्य महाविद्यालय, घाटंजी पर कार्य किया. उनके 104वीं जयंती पर पावन अभिवादन के साथ ही प्रभु उनकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान कर यही कामना.

विदर्भ स्वाभिमान,अमरावती.

# मन की निर्मलता ही देती है सदैव प्रसन्नता

जीवन में धन-दौलत से महत्वपूर्ण कुछ लोगों का साथ होता है. ऐसे लोगों में शामिल हैं न्यू गणेश कॉलोनी निवासी,सेवानिवृत्त अभियंता हेमंतकुमार पटेरिया. निर्मल व्यक्तित्व केवल बाहरी सादगी से नहीं, बल्कि व्यक्ति के विचारों, व्यवहार और कर्मों से पहचाना जाता है. जिसके मन में छल-कपट न हो, वाणी में मधुरता हो और आचरण में ईमानदारी हो, वही वास्तव में निर्मल व्यक्तित्व का धनी कहलाता है.भाई साहब ऐसे ही व्यक्ति हैं. उनके 26 अगस्त को जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं. तमाम सफलता मिलने पर अहंकार नहीं है और हर परिस्थितियों में भी अपने संस्कारों और सिद्धांतों का साथ नहीं छोड़ते. वह दूसरों के सुख में प्रसन्न होते हैं, जरूरतमंद की सहायता करने के साथ ही उनकी सादगी, विनम्रता सदैव प्रभावित करती है. विनम्रता, सादगी, संवेदनशीलता, ईमानदारी और सेवा भाव यही निर्मल व्यक्तित्व की सच्ची पहचान हैं. व्यक्ति की पहचान उसके पद या संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके अच्छे विचारों और दूसरों के प्रति किए गए सद्व्यवहार से होती है.जीवन में मन अति सुंदर रहने पर कई समस्याओं का समाधान होता है. यही कारण है कि जिनका मन सुंदर रहता है, उन्हें तकलीफ होती है लेकिन वे इतने विशाल दिल के होते हैं, उनके दिल में कभी किसी के प्रति सौतेला व्यवहार नहीं



हेमंतकुमार पटेरिया के जन्मदिन पर विशेष,

मानवता सेवा हैं ओतप्रोत

होता है. इसलिए हम यात्री हैं यह सोचकर सदैव जीना और आनंद में रहना चाहिए. इस आशय का मत समाजसेवी हेमंतकुमार पटेरिया ने किया. विदर्भ स्वाभिमान को 17 वें वर्ष में पदार्पण पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति का आशिर्वाद दिया.एक इन्सान के रूप में जब किसी पीड़ित इन्सान की मदद करते हैं तो होने वाली खुशी का अंदाज नहीं लगाया जा सकता है. इसका अनुभव करने के बाद ही मिलता है. इस आशय का मत समाजसेवी हेमंतकुमार पटेरिया ने किया. जन्मदिन 26 अगस्त के उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी खुशी का ढेर है और दुखों का सागर है. लेकिन कौन इसे किस रूप में लेता है, इस पर जिंदगी की खुशियां और गम निर्भर रहते हैं. कुछ लोग जिंदगी को भगवान का सबसे बड़ा उपहार मानते हैं, वहीं कई लोगों के लिए जिंदगी खतरनाक अनुभव रहती है. लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए के सिद्धांत पर जीवन जीते हैं.हेमंतकुमार पटेरिया रिश्तों को निभाने वाले व्यक्ति हैं. यही कारण है कि हजारों मित्र परिवार पैदा किया है.उनका कहना है कि हमसे जितना अच्छा बन सकता है, करने का प्रयास करना चाहिए. बाकी कर्ता करविता तो ऊपरवाला ही होता है. सम्पन्नता में भी विनम्रता किस तरह होनी चाहिए, इसका आदर्श उदाहरण पटेरिया परिवार है. जीवनसंगिनी सौ. अनुराधा भाभी समाज के साथ मानवता के काम में जहां लगी रहती हैं, वहीं डाक्टर बेटा और बहू भी माता-पिता के आदर्शों पर चलते हैं. भैया का 26 को जन्मदिन है, हमारी करोड़ों मंगलय हार्दिक शुभकामनाएं, वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु की कृपा उन पर सदैव बनी रहे, यही कामना.

अंत में

संघर्ष की राहों पर जो चलते जाते हैं,
वही इतिहास में अपना नाम लिखाते हैं,
ऐसे कर्मठ व्यक्तित्व को जन्मदिन पर प्रणाम,
भविष्य हो उज्ज्वल, बढ़े देश और समाज का मान।

विदर्भ स्वाभिमान

विदर्भ स्वाभिमान
यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक-सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhaswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010/ 43881



जीवन में कुछ लोगों का साथ जीवन को संवारने की ताकत रखता है. ऐसे लोग केवल आदर्श विचार देते नहीं है बल्कि सबसे पहले इन विचारों पर स्वयं चलते हैं और उसके बाद दुनिया को कहते हैं. उज्जैन के उन्हेल निवासी और मानव सद्भावना जागृति संस्थान के प्रमुख, जाने माने कथाकार पंडित शिव गुरु शर्मा महाराज ऐसे ही व्यक्तित्व है, जिनकी कृपा और सानिध्य पढ़ने पर व्यक्ति का जीवन न केवल संवर जाता है बल्कि गौसेवा, भक्ति और मानव सेवा का ऐसा संगम बनता है कि व्यक्ति के जीवन के साथ उसकी सोच भी बदल जाती है. उनका 15 अगस्त को जन्मदिन है. हम सभी भक्तों की ओर से पूज्य गुरुदेव को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. आप स्वस्थ रहें और मस्त रहें तथा मानवता की सेवा और गौ सेवा का भाव सदैव सभी में पैदा करते रहें.

### पंडित शिव गुरु शर्मा के जन्मदिन पर विशेष,मानवता से ओतप्रोत संत

# संस्कार, भक्ति और सेवा के संगम

पं.शिव गुरूजी शर्मा केवल कथाकार नहीं बल्कि आदर्श आचरण, मार्गदर्शक के साथ ही जीवन की दिशा बदलने की ताकत रखते वाले आचार्य हैं. सादगी, विनम्रता के साथ ही मानवता की सेवा पर सदा जोर रहता है. उनका व्यक्ति चुंबकीय आकर्षण की ताकत रखता है. कथाओं में भी माता-पिता की सेवा, राष्ट्र धर्म पालन का संदेश वे देते हैं और स्वयं भी अमल करते हैं. समाज में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका जीवन केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में संस्कार, श्रद्धा और सेवा का प्रकाश फैलाने के लिए समर्पित होता है. पंडित शिव गुरु शर्मा महाराज ऐसे ही प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं, जिनके जीवन में संस्कार, भक्ति और सेवा का सुंदर संगम दिखाई देता है.

उनकी वाणी में आध्यात्मिकता, व्यवहार में सरलता और कार्यों में सेवा भावना दिखाई देती है. वे धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को केवल उपदेशों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें अपने आचरण और सामाजिक जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं. यही कारण है कि उनके संपर्क में आने वाले लोगों को सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक प्रेरणा मिलती है.पंडित शिव गुरु शर्मा महाराज का मानना है कि भक्ति तभी सार्थक है, जब उसके साथ मानव सेवा और सदाचार जुड़े हों. जरूरतमंदों की सहायता, समाज में सद्भाव का संदेश और यवा पीढ़ी में अच्छे संस्कारों का निर्माण उनके विचारों की प्रमख विशेषता है.आज जब आधुनिक जीवनशैली में संस्कारों और मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाए रखना चनौती बनता जा रहा है, ऐसे समय में उनका व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उनका जीवन संदेश देता है कि ईश्वर की सच्ची भक्ति मानवता की सेवा, विनम्रता और अच्छे कर्मों के माध्यम से भी की जा सकती है.संस्कारों से जीवन को दिशा, भक्ति से आत्मिक शक्ति और सेवा से जीवन को सार्थकता मिलती है इन तीनों का सुंदर समन्वय पंडित शिव गुरु शर्मा महाराज के व्यक्तित्व में दिखाई देता है. उन्हें जन्मदिन 15 अगस्त पर मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.

# श्रद्धा-विश्वास में सब कुछ करने की होती है ताकत

### भोलेनाथ भक्त प्रवीण बुंदेले का मत




**श्रद्धा और अंधश्रद्धा में इतना सा फर्क है. श्रद्धा दिखावा नहीं करती है और अंधश्रद्धा सदा दिखावा करती है. भक्ति की शक्ति का अनुभव उसे ही आ सकता है, जो माता-पिता अथवा भगवान में अपार विश्वास रखता हो. गड़गड़ेश्वर महादेव के भक्त प्रवीण बुंदेले के मुताबिक श्रद्धा और विश्वास में असंभव को भी संभव करने की ताकत होती है. इसका उन्हें जीवन में सदैव अनुभव आता है. आपकी ईमानदारी, सच्चाई और भक्ती ही सदैव कामयाबी की राह तय करती है. सावन के पावन महीने में भक्ति,कर्म के बारे में उनका साक्षात्कार प्रस्तुत है.**

**प्रश्नः आपके अनुसार भगवान भोलेनाथ का वास्तविक स्वरूप क्या है?**

**उत्तरः** भगवान भोलेनाथ केवल किसी मंदिर या स्थान तक सीमित नहीं हैं. जहां सच्ची श्रद्धा, अटूट विश्वास और पवित्र भावना होती है, वहीं अनुभूति होती है. भक्त के मन में विश्वास जागता है तो उसके भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल का संचार होता है. इससे उसके लिए कुछ करना कठिन नहीं होता.

**प्रश्नः श्रद्धा और विश्वास का जीवन में क्या महत्व है?**

**उत्तरः** श्रद्धा हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और विश्वास कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का साहस देता है. जब दोनों साथ होते हैं तो व्यक्ति चुनौतियों से घबराता नहीं है और उसे भोलेनाथ हर पल उसके साथ रहने का विश्वास होकर सब कुछ करने का सामर्थ्य रखता है.

**प्रश्नः भक्ति से क्या संदेश मिलता है?**

**उत्तरः** जीवन में भक्ती,आदर्श आचरण और सत्संग जीवन को दिशा देने का काम करते हैं. भगवान भोलेनाथ की भक्ति हमें सत्य, संयम, सेवा और सदाचार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देती है. सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता और जो जिम्मेदारी प्रभु ने दी है, उसे अच्छी तरीके से निभाने से भी होती है. गड़गड़ेश्वर महादेव के अनन्य भक्त प्रवीण बुंदेले के मुताबिक उन्हें जीवन में सदैव अच्छे लोगों का साथ मिला, माता-पिता तथा गुरू के आशिर्वाद के साथ ही वरिष्ठों का समुचित मार्गदर्शन मिला है, इसके लिए वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं. सच्चा कर्म जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसका अनुभव उन्होंने सदैव करने की बात कही.




# सर्वम श्री कृष्णार्पणम' कहते सबको भोजन परोसा गया

ग़तांक से जारी-समाचार को सनकर ब्र्ह्मादि के सनते इस रूप में कहा. 'परदेशी के विवाह के लिए बरतनों की जरूरत क्यों है? यहाँ की पष्करिणी ही दिव्यान्न बरतन है. परिशोभित पापविनाश तीर्थ ही शद्ध सूप बरतन है स्वच्छ आकाश गंगा तीर्थ ही सदानंदकर परमान्न बरतन है. गस्त्तर तूबर घाटी ही चित्रान्न बरतन है. साग सब्जियों को बनाने के घनदेव तीर्थ ही बरतन है. भक्ष्यों को बनाने के लिए बरतन कमार धारा है. अचारादि बनाने के लिए बरतन पांडव तीर्थ है.' ऐसा पावक को बताओ हे षण्मख !

वेंकटपर्वत पर प्रीति भोज

विनोद से इस रूप में कहते हरि को सनकर उस स्वामी को नमस्कार करके अष्टवस ने अक्षय पात्रों को मंगाया. तब अग्नि देव ने शीघ्र ही स्वयंपाक बनाया. 'भोजन का प्रयन्न करो' यह सनकर हरि ने कार्तिकेय को बलाकर ब्रह्मण भोजन के लिए पांडव तीर्थ से लेकर श्रीशैल पर्वत तक साफ करवाया. फिर भोजन के लिए स्नान करने के करके आने पर उस समय एक विष्णर्महद्धत' नामक मंत्र को जप कर शभाक्षा जल को छोड़ कर 'सर्वम श्री कृष्णार्पणम' कहते सबको भोजन परोसा गया. गोविंद, हरि भजन करते, वराह, भूदेवी समेत सभी ने भोजन किया. सबको वरुण देव ने जल पिलाया. मन्मथ और आंजनेय पंक्तियों के साथ घूमते 'समय निकल रहा है. सावधान होकर भोजन कीजिए.' उपचार करते सभी भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोप्य. पानीय आदि का सेवन करके तृप्त हुए. ब्रह्म से पान आदि को स्वीकार करके उठकर बदन, पाणी, पाद प्रक्षालन, आचमन करके सम सम्थल पर सभी बैठ गए. उनके द्वारा वेद घोष करने से श्रीनिवास ने उन्हें सभा तांबूल दिलाया. दिजों को दो-दो निष्कम, ऋषियों को एक-एक निष्कम के रूप में दक्षिणा दिलायी. सभा को नमस्कार करके अशीर्वाद मंत्राक्षतों को ग्रहण करके पत्र, कलत्र, मित्रादि के आशीपों को स्वीकार किया. तब हरि, हर, ब्र्ह्मादि अपने निजी पत्नियों समेत रवाना हो गए.साथ भक्ति से चमकी. तब मानो पश्चिम की कांता यात्रा करके आयी हो ऐसा संध्या राग शरू हो गया. इससे पार्वती आदि प्रमख सहागिनों के मखड़े, मणि भूषणादि लाल रंग में बदल गए. पक्षिगण उन्हें फल समझ कर खाने के लिए वृक्षों पर उतर गए. विपूल नीलांवर भर विमल मोतियों की तरह तारे शेषादि के आकाश में चंद्र के साथ मिल कर प्रकाशित हुण

चंद्रोदय का वर्णन

सागर को उफान कर, जलरुह पंक्तियों का निरीक्षण करके उनके मँह बंद करके, कमद संतति को बढ़ाकर, नहीं हटानेवाली शभ्र कांतियों को बढ़ाकर, विरहियों को सहलाते, उन्हें विरक्त करके, चक्रवाकों को हर्ष से तप्त करके अंधेरे को भगाकर, कोंपलों से बने दीप को जलाकर अच्छी शीतल साड़ियों को पर्वतों की सान में मानो फैला दी गयी हो, जैसे चंद्र ने चांदनी को बिखेर दिया. मानो पूर्व दिक्सति को देखने की रीति में चंद्र का उदय हो गया. वनगिरि सान श्रृंगों पर महा मनिगण, शिव, दिक्पतियों की कामिनियों के साथ रहते समय चंद्र ने उनमें मोह बढ़ाया. तब हरि महानियम के साथ सिरि को वक्ष पर न रखते हुए क्यों कोंपलों की शय्या पर लेटे हैं? वकला के पास लक्ष्मी, वल्मीक के बिल के पास हरि, दोनों एक दूसरे से अलग चंद्र ने देखा. दःखी होकर अपने को कलंकित समझा. 'मेरे साथ पैदा होनेवाली श्री तरुणी मणि को अलग करनेवाले हरि को मैं क्यों हित पहुँचाऊँगा.' इस रूप में चंद्र ने सोचा. 'प्रेम से हरि के वक्षस्थल पर भोगलीला करनेवाली लक्ष्मी राग विरहित बनकर चट्टान की कठोर शिला पर अब लेटी हुई है. इसे मैं कैसे देख सकता हूँ? क्रोधी भृगु के द्वारा किए गए कार्य से कोल्हापर में रहनेवाली लक्ष्मी को पहले ही यहाँ बलाने की जगह, धोखा देकर माया कर, अपने अभ्यांगन खान के समय बलाया.

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199



जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



विजय उर्फ विक्की शर्मा

*हौसलों की उड़ान हो, सेवा का हो रास्ता,*
*आपके साथ चले हर युवा का विश्वास सच्चा।*
*जन्मदिन पर ईश्वर से यही है प्रार्थना,*
*आपका नेतृत्व चमके जैसे सूरज की किरणें सदा।*




शुभेच्छुक-
विदर्भ स्वाभिमान परिवार,समस्त ब्राह्मण समाज तथा असंख्य विक्की शर्मा प्रेमी मित्र परिवार,अमरावती.

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं





हेमंतकुमार पटेरिया

**यारों के यार और सेवाभावी व्यक्ति, सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता,हमारे बड़े भाई साहब**

**हेमंतकुमार पटेरिया**

को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएँ.आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.




शुभेच्छुक - हेमंतकुमार पटेरिया मित्र परिवार,
विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

# ज़नसेवा से मिलती अपार खुशी-प्रवीण घुईखेड़कर

**विदर्भ स्वाभिमान, 19 अगस्त**

**अमरावती-** जनता की सेवा तथा नेकी के कामों से मुझे सदैव अपार खुशी मिलती है. मानवता की सेवा से बड़ा धर्म नहीं हो सकता है. जाति,धर्म, पंथ से बड़ा राष्ट्र होता है. राष्ट्र के प्रति प्रेम तथा समर्पण हर नागरिक में होना चाहिए और सदैव एक-दूसरे को सहयोग की भावना रखनी चाहिए. इस आशय का मत कांग्रेस के लोकप्रिय नेता और पूर्व जिप सदस्य प्रवीणभाऊ घुईखेड़कर ने किया. वे जितने बेहतरीन नेता हैं, उतने ही बेहतरीन इंसान है, जो किसी के भी सुख-दुख में सदैव दौड़ो हैं. यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता क्षेत्र में अपार है. घुईखेड से जिला परिषद का नेतृत्व करते समय उन्होंने विकास की गंगा बहाई थी. वर्तमान में भी वे विकास कामों के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. जनता के कामों के लिए प्रशासन के साथ भिड़ने में भी सुस्ती नहीं करते हैं. काम में ही सदैव विश्वास करने वाले लोकप्रिय जननेता प्रवीण घुईखेड़कर के मुताबिक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, जनता की समस्याओं को हल करना ही उनके लिए पहली प्राथमिकता रहती है.

विदर्भ स्वाभिमान के 16 साल पूरे होने और सत्रहवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि घुईखेड के विकासार्थ करोड़ों रूपए के विकास काम हुए हैं. क्षेत्रवासियों का अपार प्रेम उन्हें सदैव मिला है.उनके मुताबिक लोगों के अपार प्रेम और विश्वास को सदैव पूरा करने का प्रयास करते हैं. अमरावती जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत हैं.उनके मुताबिक क्षेत्रवासियों के अपार प्यार के कारण ही वे जनता के लिए सदैव कुछ करने का प्रयास करते हैं. लोगों का प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहती है. देश में फिलहाल सर्वत्र समझदारी और एकता की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी के साथ मिलकर जिस तरह से विकास हो रहा है.करोड़ों रूपए के विकास काम जहां वे मंजूर करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसे प्रलंबित रखने की बजाय सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए विकास कामों को शुरू करने, उसकी गुणवत्ता पर नजर रखने के साथ ही सर्वत्र तेजी से काम जारी रहने से लोगों में भी प्रवीण घुईखेड़कर को लेकर अपार उत्साह व्याप्त है.प्रवीण घुईखेड़कर मुताबिक जनता ने अपार विश्वास से उन्हें सदैव मौका दिया है.इसलिए लोगों के दुःख दर्द को दूर करने, लोगों के जीवन को बेहतरीन बनाना, विकास के काम को बढ़ावा देना, बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्याओं को दूर करने को वे प्राथमिकता देते हैं.उनके मुताबिक लोगों के सर्वांगीण विकास का एकमात्र काम करने का प्रयास वे करते हैं. जिला परिषद सदस्य के रूप में विकास कामों के लिए जिले में सुख्यात प्रवीण घुईखेड़कर की लोकप्रियता के साथ ही विकास के रूप में उन्हें सदैव अपार सम्मान मिलता है.उनके मुताबिक राष्ट्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों का साथ आवश्यक होता है. सभी के साथ से एकता मजबूत होती है और वह शक्ति बनती है. लोगों से राष्ट्र को पहले और बाकी सब बाद वाले सिद्धांत पर चलने का आग्रह किया.



## धार्मिक कामों में रहते हैं अग्रणी

प्रवीण घुईखेड़कर का स्वभाव विनम्र तथा सभी की बातों को ध्यान से सुनते हैं. ऐसे में उनका कार्य सदैव अग्रणी रहता है. जिला परिषद सदस्य के रूप में करोड़ों का विकास करने वाले प्रवीण घुईखेड़कर अपार लोकप्रिय नेता के साथ समाजसेवी हैं. लोगों के दुःख दर्द को दूर करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. उनके मुताबिक अंतिम सांस तक जनहित के कामों में स्वयं को झोंकने और मदद का भरोसा दिलाया.

# विदर्भ स्वाभिमान

## महत्वपूर्ण नंबर्स

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| एसीबी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |


# आपक़ी 104वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता, यवतमाल के पूर्व सांसद और सेवाभावी, सामाजिक, धार्मिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने वाले

## स्व.भैयासाहेब उर्फ श्रीधरराव जवादे

की 104वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन



स्व.भैयासाहेब उर्फ श्रीधरराव जवादे
(वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तथा पूर्व सांसद)




श्रद्धानत

समस्त विदर्भ के मित्र परिवार, महालक्ष्मी नेत्रालय, डॉ.जवादे परिवार तथा विदर्भ स्वाभिमान

## निराधार बुजुर्गों की उल्लेखनीय सेवा ने दिखाया परिणाम

# संभागायुक्त नयना गुंडे ने ज्योती राठोड को नवाजा

**विदर्भ स्वाभिमान,19 अगस्त**

**अमरावती-** दिल से की जाने वाली कोई सेवा कभी बेकार नहीं जाती है. इसका अनुभव आने में कई बार समय लग सकता है लेकिन अच्छे काम का परिणाम सदैव अच्छा होता है. बडनेरा के बेघर निवारा केन्द्र की समर्पित व्यवस्थापिका ज्योति राठोड की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उनका 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सत्कार किया गया. संभागीय आयुक्त नयना गुंडे के हाथों ज्योति राठोड का विधायक सुलभाताई खोड़के की मौजूदगी में सत्कार किया गया. नवचैतन्य बहुउद्देशीय विकास संस्था और गोविंदम हॉस्पिटल, अमरावती की ओर से सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया.



समारोह में पिछले 15 वर्षों से अमरावती के बेघर और निराश्रित लोगों की सेवा कर रहीं तथा राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित समाजसेविका ज्योती राठोड का विभागीय आयुक्त नयना गुंडे के हाथों भव्य सत्कार किया गया. इस अवसर पर विधायक संजय घोडके, सुलभाताई खोडके, प्रवीण पोटे और राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल बोंडे सहित गणमान्य उपस्थित थे.ज्योती राठोड ने बडनेरा स्थित आधार शहरी बेघर निवारा केंद्र में 72 निवासियों की देखभाल की है. पिछले 15 वर्षों से वे वृद्ध, दिव्यांग, निराश्रित और बेसहारा लोगों के पुनर्वास, परामर्श तथा सम्मानपूर्वक जीवन के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं.सम्मान स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा-यह सम्मान मेरा अकेले का नहीं, बल्कि आधार केंद्र के सभी सहयोगियों और निवासियों के आशीर्वाद का है. अंतिम व्यक्ति को सहारा मिलने तक हमारी सेवा जारी रहेगी. विभागीय आयुक्त नयना गुंडे ने उनके कार्य की सराहना करते हुए आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं.विदर्भ स्वाभिमान,आनंद परिवार की भी शुभकामनाएं.




# धार्मिक, अनुशासित और संस्कारित सुंदर व्यक्तित्व हैं जवाहरजी गांग

**ज़न्मदिन पर विशेष,** निर्मल मन,मानवता प्रेम करता है किसी को भी प्रभावित



बड़े भाग्यशाली वह लोग होते हैं, जिनके जीवन में पारिवारिक खुशी, धार्मिकता,आदर्श संस्कारों वाला परिवार मिलता है. बडनेरा के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी और सामाजिक,धार्मिक,सेवाभावी क्षेत्र में अग्रणी रहने के साथ ही आदर्श भाई के रूप में जवाहरजी गांग का उल्लेख किया जाना चाहिए. वे सम्पन्नता में जितना विनम्र व्यक्ती हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सादगी किसी को भी बिना प्रभावित किए बगैर नहीं रहती है. बडे भाई सुदर्शन गांगजी उन पर जहां गर्व करते हैं, वहीं वे कहते हैं कि आदर्श छोटे भाई के रूप में जवाहर गांग के कारण वे निश्चित ही स्वयं को भाग्यशाली बड़ा भाई मानते हैं.

बचपन से ही मेधावी और धार्मिक प्रवृत्ती के रहने के कारण जवाहरजी गांग अपनी उपस्थिती की छाप छोड़ जाते हैं. बेटा और बेटी दोनों ही उच्च शिक्षा प्राप्त तथा आदर्श संस्कारित हैं. व्यवसाय के साथ ही सेवाभावी कामों में भी वे जहां अग्रणी रहते हैं, वहीं उनकी विनम्रता किसी का मन मोह लेती है. घर में आदर्श पिता,भाई के साथ ही सभी रिश्तों को वे पूरी संजीदगी से निभाते हैं. आज के दौर में भी सुबह स्नान,पूजा के बाद बड़े भाई के पैर छूकर आशिर्वाद लेने वाली उनकी अदा निश्चित ही समाज तथा परिवारों के लिए प्रेरणादायी कहना गलत नहीं होगा. वह एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं, जिनके जीवन में धार्मिक आस्था, अनुशासन और संस्कारों का सुंदर समन्वय दिखाई देता है. पक्षपात से दूर रहने के साथ ही गलत को गलत कहने का उनका तरीका भी बेहतरीन होता है. सादगीपूर्ण जीवनशैली और अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ता उनकी पहचान है. वे धार्मिक मूल्यों को केवल विचारों तक सीमित न रखते हुए अपने व्यवहार और दैनिक जीवन में भी उतारने का प्रयास करते हैं.

उनका व्यक्तित्व अनुशासनप्रियता और समयबद्धता से परिपूर्ण है. किसी भी कार्य को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूरा करना उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है. पिछले दस वर्षों से उन्हें करीब से देखने का मौका मिलने पर उनका व्यक्तीत्व आत्मीयता से ओतप्रोत दिखाई दिया. वे मानते हैं कि अनुशासन व्यक्ति को न केवल सफल बनाता है, बल्कि उसके चरित्र को भी मजबूत करता है. संस्कार उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक हैं. परिवार में बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना उनके व्यवहार में सहज रूप से दिखाई देती है. धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रियता लोगों को जोड़ने तथा सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रही है.आधुनिक जीवन की व्यस्तता के बीच भी अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जुड़े रहकर समाज के लिए सकारात्मक भूमिका निभाई जा सकती है. उन्हें जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएँ. आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.

संघर्ष की राहों पर जो चलते जाते हैं,  
वही इतिहास में अपना नाम लिखाते हैं।  
ऐसे कर्मठ सेवाभावी को जन्मदिन पर प्रणाम,  
भविष्य हो उज्ज्वल, बढ़े देश और समाज का मान।

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क**




**विदर्भ स्वाभिमान**

सदस्य बनें

विदर्भ स्वाभिमान संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.

मो.9423426199




## गुरूवार 6 से 12 अगस्त 2026

**इस सप्ताह आप किसी शादी पार्टी में सम्मिलित होने बाहर जा सकते है, वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें. वाद-विवाद की स्थिति से खुद को दूर रखें. अपने परिचित व्यक्ति से आज आपको अपमान का सामना करना पड़ सकता है, पार्टनर का साथ मिलेगा.**

**वृषभ-** इस सप्ताह आप नया वाहन आदि खरीद सकते है, परिवार में नया मेहमान आ सकता है. आपको कोई नए कार्य का बड़ा ऑफर आज मिल सकता है, किसी पुराने मित्र से मिलना होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे.

**मिथुन-** आज का दिन आपका शानदार रहेगा, मन स्थिर और प्रसन्न रहेगा. वाणी के प्रभाव से आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे. किसी विशेष व्यक्ति से मिलना होगा. आज कोई नया व्यापार आप शुरू कर सकते है, पार्टनर के स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**कर्क-** आज का दिन आपका सोच विचार कर काम करने का है. आप कोई बड़ा डिसीजन व्यापार-व्यवसाय में न लें, नई साझेदारी में सावधानी बरतें. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, पार्टनर के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी. आप आज वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें.

**सिंह-**आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार-व्यवसाय में अपने सहयोगी पार्टनर्स से सावधान रहें, नहीं तो आपका काम बिगड़ सकता है. कोई नया लेन-देन आज न करें, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.

**कन्या-**आज आपका मन अशांत रहेगा, व्यापार-व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है. कोई बड़ा काम आपके हाथ से निकल सकता है. आज आप पारिवारिक मतभेद में उलझ सकते हैं. आप कोई बड़ा जोखिम आज व्यापार मे न उठाएं. पार्टनर के स्वास्थ्य के कारण चिंतित रह सकते हैं.

**तुला-**आज का दिन आपका बहुत अच्छा रहने वाला है, आज आप कोई नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं. आपनों का साथ मिलेगा, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम होंगे. कोई नया वाहन मकान खरीद सकते हैं,किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

**वृश्चिक-**आज आप किसी अपने के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे, माता-पिता का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में अपने पार्टनर का आज आपको सहयोग मिलेगा. कोई बड़ा काम आज आप शुरू कर सकते हैं काम में रुकावट जरूर आएगी. वाणी पर संयम रखें.

**धनु-**आज के दिन आप वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें. किसी काम का बहुत दिनों से सोच रहे हैं आज वह काम पूरा होगा. न्यायालय पक्ष के काम में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है. वाणी पर संयम रखें, वाद विवाद की स्थिति में अपना बचाव करें.

**मकर-** सप्ताह में आपको कोई सुखद समाचार मिलेगा, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का योग बनेगा. आप कोई नया निवेश व्यापार-व्यवसाय में कर सकते हैं. पार्टनर का स्वास्थ्य खराब हो सकता है, पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा.

**कुंभ-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आप कोई नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं या व्यापार में कोई बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र में पार्टनर का अच्छा सहयोग मिलने से कार्यक्षेत्र में लाभ होगा. परिवार का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा.

**मीन-** इस सप्ताह स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा. आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. आप परिवार के किसी सदस्य के कारण परेशानी में पड़ सकते हैं. संतान की चिंता बनी रहेगी, व्यापार-व्यवसाय में सहयोगी से मतभेद बढ़ सकते है, आज आप किसी नए काम के लिए विचार कर सकते हैं. पारिवारिक विवाद से दूर रहें.

**आपका सप्ताह शुभ हो, विदर्भ स्वाभिमान यही कामना करता है.**

# आदर्श युवा नेतृत्व हैं भाजयुमो अध्यक्ष विजय शर्मा उर्फ विक्कीभैया

## जन्मदिन 15 अगस्त पर विशेष

अमरावती शहर ही नहीं तो जिले में भाजयुमो के अध्यक्ष विजय उर्फ विक्की शर्मा आदर्श, दमदार और पार्टी के समर्पित पदाधिकारी के रूप में जाने जाते हैं. ब्राह्मण समाज की एकता के लिए जहां प्रयासरत रहते हैं, वहीं शहर की विभिन्न समस्याओं के लिए आंदोलन कर जनता को न्याय दिलाने वाले युवा नेतृत्व के रूप में पहचान बनायी है. उनके जन्मदिन 15 अगस्त पर विदर्भ स्वाभिमान की हार्दिक शुभकामनाएं. युवा शक्ति किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है. जब यही शक्ति सही दिशा, सकारात्मक सोच और सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तब परिवर्तन की नई इबारत लिखी जाती है. ऐसे ही ऊर्जावान, कर्मठ और संगठन के प्रति समर्पित युवा नेतृत्व के रूप में भाजयुमो के विजय शर्मा अपनी अलग पहचान बना रहे हैं.

जवाहर गेट क्षेत्र निवासी विजय शर्मा का व्यक्तित्व केवल राजनीतिक सक्रियता तक सीमित नहीं है, बल्कि वे युवाओं को समाजसेवा, संगठन और राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करने वाले नेतृत्व के रूप में देखे जाते हैं. उनका मानना है कि युवा केवल भविष्य के नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान में बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति हैं. इसी सोच के साथ वे युवाओं को जोड़ने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास करते हैं.आज के दौर में युवा नेतृत्व के सामने अनेक चुनौतियां हैं. बेरोजगारी, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं की



अपेक्षाओं जैसे विषयों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करना आवश्यक है. विजय शर्मा युवाओं के बीच संवाद और सहभागिता को महत्व देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय हैं. उनका व्यवहार, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता और हर किसी को साथ लेकर चलने की सोच उन्हें एक लोकप्रिय युवा नेतृत्व बनाती है.

अमरावती शहर भाजयुमो की भूमिका भी युवाओं को संगठनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने की रही है.अपनी दमदार कार्यप्रणाली से महापौर, विधायकों के साथ ही पालकमंत्री के काफी करीबी के रूप में विक्की शर्मा को पहचाना जाता है.विजय शर्मा की सबसे बड़ी विशेषता उनकी कार्य के प्रति निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण और युवाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है. उन्हें जन्मदिन पर मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क**

## शाहरुख के घर में सांप

**पेज 1 से जारी-**राउंड ऑफिसर दीपक दादा गायकवाड़ और ठाणे में मुंबई रेंज ऑफिस के कंट्रोल रूम को भी इसकी जानकारी दी गई.इसी बैकग्राउंड में, हमने वनिता बोराडे से बात की कि अगर मानसून के दौरान घर या उसके आस-पास सांप आ जाए तो क्या सावधानी बरतनी चाहिए, सांपों से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं और सांप दिखने के बाद लोगों को क्या करना चाहिए. वनिता बोराडे एक स्नेक लवर, स्नेक एक्सपर्ट, स्नेक कीपर और रेप्टाइल साइंटिस्ट के तौर पर काम करती हैं. सांपों के बचाव और लोगों में जागरूकता फैलाने के उनके काम के लिए उन्हें खास पहचान


# विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN/2010/43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे    प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती


मो. 9423426199/ 8855019189

सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048



गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

# विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,झंडा ऊंचे रहे हमारा से गूंजी अंबानगरी

अमरावती- शहर के साथ ही जिले में आजादी की 80वीं सालगिरह उत्साह से मनाई गई. कहीं प्रभात रैली, कहीं देशभक्ति गीत की गूंज हुई. शहर के शारदानगर में उद्यान में उत्साहपूर्ण माहौल में ध्वजारोहण किया गया. विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के जयघोष के साथ शहर तथा जिले में आजादी की 80वीं सालगिरह अपार उत्साह के साथ मनाई गई. इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम भी लिए गए. बच्चों से लेकर युवाओं में देश प्रेम का जहां जोश था, वहीं राष्ट्रभक्ति के जोश के साथ ध्वजारोहण किया गया. शहरवासियों ने बड़ी संख्या में अपने घरों पर भी तिरंगा लगाकर पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया.

## शारदानगर उद्यान में शान से लहराया तिरंगा



**शारदानगर उद्यान में शान से लहराया तिरंगा-** शारदा नगर उद्यान में शारदा नगर ज्येष्ठ नागरिक कृति सिमित, हास्य क्लब और भारतीय योगाभ्यास मंडल द्वारा स्वाधीनता दिवस मनाया गया. पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश प्रदीपसिंह रघवंशी,प्रा.आर.के. कुबड़े सहित अन्य प्रमुखता से उपस्थित थे. ध्वजारोहण न्या. रघवंशी ने किया. प्रास्ताविक में कार्यक्रम की जानकारी बंड ने दी. इस मौके पर निवृत्त पीएसआई राऊत, सीए निचत, गड़वे, डॉ. धानोरकर, प्रवीण जैन, एड.मुरलीधर चोपड़े, डॉ. प्रकाश भोयर, किशोर शाह, रविन्द्र गुंबले, संजय गणोरकर, सुरेश इसासरे के साथ ही अन्य मान्यवर प्रमुखता से उपस्थित थे. बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्शायी. भारत माता के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा.

**चांदूर रेलवे में मनाया गया-** चांदूर रेलवे शहर एवं परिसर के विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों तथा नगर परिषद की शालाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. तहसील कार्यालय में एसडीओ तेजश्री कोरे, नगर परिषद में नगराध्यक्ष प्रा. प्रियंका विश्वकर्मा तथा कृषि उपज बाजार समिति में सभापति राजेंद्र राजनेकर के हाथों ध्वजारोहण कर उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया.चांदूर रेलवे तहसीलदार कार्यालय, नगर परिषद, पुलिस स्टेशन, पंचायत समिति सहित अन्य प्रमख शासकीय कार्यालयों में सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया गया.

नगराध्यक्ष प्रा. प्रियंका विश्वकर्मा तथा अन्य मान्यवरों ने कार्यक्रम में संबोधित किया. शहर के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति, नगरसेवक, नगरसेविकाएं, कर्मचारी, आमंत्रित नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे. कृषि उपज बाजार समिति में संचालक उपस्थित रहे. वहीं तहसील कार्यालय में तहसीलदार पूजा माटोडे, नायब तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारी, आमंत्रित नागरिक तथा स्वतंत्रता सेनानी मुलायमसिंग जैन अपनी पत्नी के साथ उपस्थित रहे. वल्लभनगर में छत्रपति शिवाजी चौक पर सचिन निंबोकार ने ध्वजारोहण किया.

## राष्ट्रभक्ति की अखंड ज्योति जला रहे संतोष अरोरा

अमरावती. राष्ट्रप्रेम केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के भीतर भी कई लोग निस्वार्थ भाव से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने में जुटे हैं. अमरावती के सेवानिवृत्त क्रीड़ा शिक्षक संतोष अरोरा पिछले 35 वर्षों से स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर स्वखर्च से राष्ट्रीय प्रतीकों का वितरण कर राष्ट्रभक्ति की ज्योत प्रज्वलित कर रहे हैं.इस वर्ष भी उन्होंने सैकड़ों स्कूल वैन, बसों और ऑटो रिक्शाओं पर तिरंगे स्टिकर लगाए. विद्यापीठ, छत्री तालाब सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह घूमने आए नागरिकों को तिरंगे बैज और स्टिकर वितरित किए. वलगांव, कुंड (सर्जापुर) की शालाओं, कमल प्लाजा स्थित गजानन महाराज मंदिर, योग क्लब, सिपना अभियांत्रिकी महाविद्यालय और जिजाऊ बैंक में भी तिरंगे स्टिकर लगाए.राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत अरोरा ने विभागीय आयुक्त डॉ.नयना मुंडे, विभागीय क्रीड़ा उपसंचालक अविनाश पुंड, निवासी उपजिलाधिकारी अनिल भटकर सहित राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल बोंडे, विधायक सुलभा खोड़के, संजय खोड़के समेत अनेक जनप्रतिनिधियों को तिरंगे दुपट्टे भेंट किए. जवाहर गेट पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सांसद बलवंत वानखड़े, पूर्व पालकमंत्री डॉ. सुनील देशमुख, पूर्व महापौर विलास इंगोले सहित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को भी राष्ट्रीय प्रतीक वितरित किए.उन्होंने एमआईएम कार्यालय पहुंच कर तिरंगे दुपट्टे और स्टिकर वितरित किए. पठानचौक में पुलिस आयुक्त राकेश ओला सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी तिरंगे बैज और स्टिकर लगाए.पिछले साढ़े तीन दशकों से बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्रीय पर्वों को जनभागीदारी और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने के संतोष अरोरा के प्रयासों की शहर में सराहना हो रही है.

